डा0 एपी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांक: ए0के0टी0यू0/कुस0का0/2022/ 17016 दिनांक: 02-8-2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषय: आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 11.07.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः 16-3099/24/2022-3-1931/196501/2022 दिनांक 28.07.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें। शासन के उक्त पत्र के साथ संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्याः 1314/चार-2022, दिनांक 15.07.2022(प्रति संलग्न) की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए कार्यवृत्त में उल्लिखित अपने से संबंधित बिन्दुओं (बिन्दु संख्या-6) पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः आपेक्षा है कि शासन के उक्त पत्र में की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें ताकि तद्नुसार शासन को सूचना प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपिः-

1. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 को पत्र दिनांक 28.07.2022 के कम में सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. सहायक कुलसचिव, स्टोर एवं व्यवस्थाधिकारी, ए0के0टी0यू0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि शासन के पत्र दिनांक 28.07.2022 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

संख्या-

प्रेषक,

कृपा शंकर सिंह,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. - निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. - सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ।
3. - सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, लखनऊ
4. - कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. - कुलसचिव, एम0एम0एम0टी0यू0, गोरखपुर।
6. - कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. - निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा/ आजमगढ़/सोनभद्र/कन्नौज/मैनपुरी/बिजनौर/ कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर/ उ0प्र0 वस्त्र प्रोद्यौगिकी संस्थान, कानपुर/ बुन्देलखण्ड अभि0 एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झांसी।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 28/07/2022

विषय- आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के संबंध में मा0 मुख यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 11-07-2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या-1314/चार-2022, दिनांक 15-07-2022 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रकरण से संबंधित कार्यवृत्त में उल्लिखित अपने से संबंधित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

2- उक्त के अतिरिक्त शासन के पत्र संख्या-193355/2022/16-3099/24/2022, दिनांक 21-07-2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के अनुरूप अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही करने एवं अबतक जो कार्यक्रम/गतिविधियाँ सम्पन्न हो चुकी है, उनकी सूचना अविलम्ब उपलब्ध कराने हेतु आपको निर्देशित किया गया था, परन्तु आपकी सूचना अभी तक अप्राप्त है। अतः प्रकरण से संबंधित सुस्पष्ट सूचना (फोटोग्राफ सहित) 02 कार्यदिवस में शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(कृपा शंकर सिंह)

विशेष सचिव।

Signed by कृपा शंकर सिंह
Date: 28-07-2022 16:44:43
Reason: Approved

D.R
6420
01/8/22
01/08
AR(Est)
1/8/22
2514
श्री सुशील
02.08.22
AR

2174555/2022/ -3

## मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में 'आजादी का अमृत महोत्सव' की राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की दिनांक 11.07.2022 को सांय 6.00 बजे आहूत बैठक का कार्यवृत्त

[illegible]/प्रमुख सचिव/व्या.शि.कौ.वि./प्रा.शि./2022

सर्वप्रथम 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत अब तक विभिन्न विभागों द्वारा सम्पन्न कार्यकमों से अवगत कराते हुए आगामी प्रस्तावित तिथिवार आयोजनों के सम्बंध में अवगत कराया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक 'हर घर तिरंगा' कार्यकम हेतु निम्नवत् निर्देश दिये गये:-

1. समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि वह आज़ादी के अमृत महोत्सव के सम्बंध में विभाग के सभी लोगों, योजनाओं के लाभार्थियों एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपनी विस्तृत कार्ययोजना तत्काल तय कर लें एवं आगामी दो दिनों में मुख्य सचिव कार्यालय व मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध करा दें।

(सुभाष चन्द शर्मा)
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

**कार्यवाही–समस्त विभाग/समस्त जिलाधिकारी**

2. ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 6000 अमृत सरोवर निर्मित कराये जा रहे हैं। इनका निर्माण, सौन्दर्यीकरण, इनके किनारे पाथवे, बेंच, वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाये तथा वहाँ झण्डारोहण तथा अन्य आयोजन किये जायें जिसमें आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित हो। इसी प्रकार नगर विकास विभाग द्वारा भी शहरी क्षेत्रों के अमृत सरोवरों को विकसित कराया जाये।

(कृपा शंकर सिंह)
विशेष सचिव
प्राविधिक शि0 [illegible]
उ0प्र0 शासन

**कार्यवाही–ग्राम्य विकास/पंचायती राज विभाग/नगर विकास विभाग**

3. प्रदेश में कुल 3.18 करोड़ झण्डे फहराये जाने का लक्ष्य है। तिरंगा ध्वज के निर्माण एवं उसके फहराने के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि झण्डे का आकार एवं रंग तथा उसमें प्रदर्शित अशोक चक्र सही प्रकार से हों। एम0एस0एम0ई0 विभाग 2 करोड़ झण्डे 30 जुलाई, 2022 तक क्रय कर समस्त जनपदों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग एम0एस0एम0ई0 विभाग से समन्वय करते हुए उक्त झण्डों को जनपदों तक पहुँचाने एवं वितरण की प्रकिया एवं प्रणाली निर्धारित करें। समस्त जिलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने जनपदों में उक्त झण्डों के वितरण एवं फहराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

**कार्यवाही–एम0एम0एम0ई0/पंचायती राज/नगर विकास विभाग/ समस्त जिलाधिकारी**

4. समस्त विभागों, कार्यालयों, पंचायत भवनों, संस्थानों एवं सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में खादी के झण्डों का 15 अगस्त, 2022 को अनिवार्य रूप से ध्वजारोहरण किया जायेगा। यह वर्ष स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ होने के कारण बहुत महत्वपूर्ण

है अतः कोई कार्यालय या संस्थान इस दिन बंद नहीं रहेगा। आवासित घरों, अपार्टमेन्ट्स की छतों व बालकनियो आदि मे पॉलिस्टर/साटन/सूती आदि कपड़े के 20" X 30" के झण्डे लगाये जायें।

**कार्यवाही–समस्त विभाग/समस्त जिलाधिकारी**

5. समस्त जनपदों में लक्ष्य के सापेक्ष स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय संस्थानों, खादी ग्रामोद्योग इकाईयों आदि के द्वारा तैयार कराये गये झण्डों एवं इनके वितरण तथा फहराने सम्बंधी कार्ययोजना जिलाधिकारियों से प्राप्त कर 12 जुलाई, 2022 तक गहन समीक्षा कर ली जाये।

**कार्यवाही– समस्त विभाग/समस्त जिलाधिकारी**

6. निर्देशित किया गया कि उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग शीघ्र ही अपने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें। प्रत्येक जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करें एवं उन्हें निर्देशित करें कि विद्यालयों की साफ--सफाई, रंगाई पुताई तथा समुचित लाइटिंग की व्यवस्था कराते हुए स्वतंत्रता दिवस के दिन स्कूली बच्चों की यूनीफार्म में प्रभात फेरी, राष्ट्रभक्ति गीतों की धुनों पर बैण्ड वादन, मार्च पास्ट आदि के कार्यकम कराये जायें एवं मिष्ठान आदि का वितरण भी किया जाये। बेसिक शिक्षा विद्यालयों में यूनीफार्म का वितरण तत्काल सुनिश्चित कराया जाये। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभाओं में झण्डा गीत का सस्वर गायन का पूर्वाभ्यास 15 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ कर दिया जाये।

**कार्यवाही–माध्यमिक/बेसिक शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग**

7. माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभागों द्वारा आयोजित प्रभात फेरी में बच्चों को विभिन्न राष्ट्रनायकों की वेशभूषा में सम्मिलित किया जाये, उनके हाथों में राष्ट्रीयता से ओतप्रोत नारे लिखी तख्तियां एवं तिरंगा ध्वज दिया जाये। विद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की चित्रकला, निबन्ध लेखन, नारा लेखन आदि प्रतियोगिताएं करायी जायें। इसमें स्काउट–गाइड्स, एन0सी0सी0 कैडेट्स व एन0एस0एस0 के वालंटियर्स को भी सम्मिलित किया जाये।

**कार्यवाही--बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग**

8. उच्च शिक्षा विभाग को आजादी से जुड़े ज्ञात–अज्ञात शहीदों, वीरों, बलिदानियों की जीवनियाँ, पुरानी श्रुति परम्पराओं में व्याप्त लोकगीतों, पुरानी लोक कथाओं आदि का संकलन कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**कार्यवाही–माध्यमिक/बेसिक शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग**

9. भाषा विभाग के अधीनस्थ अकादमियों/संस्थानों द्वारा साहित्यकारों एवं कवियों के माध्यम से आजादी के गीतों एवं प्रतिबन्धित गीतों को संकलित कर उनका प्रकाशन कराया जाये, साथ ही स्वाधीनता संग्राम के गुमनाम नायकों पर पुस्तकें प्रकाशित करायी जायें।

**कार्यवाही–भाषा विभाग**

10. आवास विभाग द्वारा विकसित आवासीय परिसरों, कालोनियों एवं अपार्टमेन्ट्स आदि में झण्डों की उपलब्धता के सम्बंध में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास विभाग के माध्यम से कार्यवाही की जाये। इसमें रेजीडेन्ट वेलफेयर सोसाइटियों की सहायता ली जा सकती है साथ ही डेवलपर्स एवं विभिन्न निजी आवासीय संस्थाओं द्वारा सी0एस0आर0 के अन्तर्गत झण्डा वितरण कराया जा सकता है। आवास विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाले झण्डों की संख्या से सम्बंधित जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए समन्वय किया जाये ताकि डुप्लीकेसी न हो।

**कार्यवाही–आवास विभाग**

11. निर्देश दिये गये कि प्रभात फेरी के मार्गों, शहीद स्मारकों/स्थलों, पार्कों आदि में विशेष सफाई अभियान चलाया जाये एवं इन पर 11 अगस्त से 17 अगस्त तक तिरंगा लाइटिंग भी की जाये। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालयों/भवनों/शहीद स्मारकों/चौराहों पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक विशेष लाइटिंग करायी जाये तथा गैर सरकारी संस्थानों को प्रेरित कर यह कार्यवाही करायी जाये।

**कार्यवाही–समस्त विभाग**

12. प्रत्येक ब्लाक में एक ही दिन पी0आर0डी0 के 75–75 जवान यूनीफार्म में तिरंगा लेकर साइकिल से तिरंगा यात्रा निकालते हुए जनजागरूकता अभियान चलायें। प्रत्येक जनपद में 5 से 10 किलोमीटर दूरी की 'अमृत महोत्सव मैराथन' दिनांक 14 अगस्त, 2022 को आयोजित की जाये।

**कार्यवाही–युवा कल्याण विभाग**

13. इस वर्ष 15 अगस्त को सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में ध्वजारोहण हो एवं 75 अच्छे कृषकों को आमंत्रित कर उन्हें प्रगतिशील किसान सम्मान प्रदान किया जाये। इन कृषकों को एक फलदार पौधा एवं अपने घरों में फहराने हेतु एक तिरंगा ध्वज भी प्रदान किया जाये। कृषि मण्डियों की साफ–सफाई करायी जाये तथा प्रत्येक मण्डी में 75 पल्लदारों को व्यावसायिक संगठनों के सहयोग से सम्मानित किया जाये एवं उन्हें मिष्ठान वितरण किया जाये। कृषि मण्डियों के सभी दुकानदारों को प्रेरित करके प्रत्येक दुकान पर झण्डा फहराया जाये।

**कार्यवाही–कृषि विभाग**

14. प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों को 'आजादी का अमृत महोत्सव' से जोड़े और उन्हें सस्वर राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गायन सिखाया जाये। उनको तिरंगा झण्डा एवं आजादी पर आधारित कहानियाँ भी सुनाई जायें। उनके लिए इस अवसर पर विशेष भोजन की व्यवस्था की जाये।

कार्यवाही–महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग

15. जनपद स्तर पर कार्यरत समस्त स्वयंसेवी संगठनों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक संगठनों, औद्योगिक संगठनों आदि की सभी जिलाधिकारियों द्वारा तत्काल बैठक बुलायी जाये एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में इन संगठनों से सहयोग प्राप्त किया जाये। प्रत्येक जनपद में नगर, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की लक्ष्य प्राप्ति की प्रतिस्पर्धा करायी जाये तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर, ब्लाक एवं ग्राम को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाये।

कार्यवाही–समस्त जिलाधिकारी

16. प्रदेश के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सालयों, चिकित्सा महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों व उनसे जुड़े छात्रावासों में ध्वजारोहण कराया जाये एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये।

कार्यवाही–चिकित्सा शिक्षा विभाग

17. संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत (वन्दे मातरम), झण्डा गीत (श्री श्याम लाल गुप्त 'पार्षद' द्वारा रचित) एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के प्रमुख नियमों को संकलित कर एक लघु पुस्तिका तैयार कराकर मुद्रित व वितरित करायें। उसकी पी०डी०एफ० प्रति उच्च शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग एवं जिलाधिकारियों को उपलब्ध करायी जाये जो इनकी प्रिन्टिंग करके विद्यार्थियों, शिक्षकों व नागरिकों को उपलब्ध करायेंगे। इसमें विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जोड़ा जाये।

कार्यवाही–संस्कृति विभाग

18. गृह विभाग द्वारा जनपदों में स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय कराते हुए इनका उपयोग 'आजादी का अमृत महोत्सव' के कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार में किया जाये। इन पर आगामी एक माह तक राष्ट्रभक्ति गीतों का गायन एवं हर घर तिरंगा की अपील जारी की जाये।

कार्यवाही–गृह विभाग/समस्त जिलाधिकारी

19. प्रत्येक शहीद स्मारक पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 की अवधि में शाम को प्रतिदिन 30 मिनट तक पुलिस बैण्ड, पी०ए०सी० बैण्ड, होमगार्ड बैण्ड आदि राष्ट्रधुन

का वादन करेंगे। नगरों एवं कस्बों में जनसामान्य को 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस बैण्ड के साथ मार्च पास्ट कराया जाये। इससे पूर्व पुलिस लाइन, पुलिस थानों सहित गृह विभाग के समस्त कार्यालयों एवं परिसरों में साफ-सफाई का अभियान चलाया जाये।

कार्यवाही—गृह विभाग

20. समस्त विभाग अपनी कार्ययोजना 02 दिवस में तैयार कर लें तथा प्रत्येक स्तर के नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर एवं दायित्व अनिवार्य रूप से कार्ययोजना में अंकित किया जाये। इस कार्ययोजना को संस्कृति विभाग, मुख्य सचिव कार्यालय एवं मुख्यमंत्री सचिवालय को भी उपलब्ध कराया जाये। सम्पूर्ण आयोजन में प्रदेश के लगभग 25 करोड़ निवासियों को इसमें जोड़ना है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मिलित करते हुए सभी प्रदेशवासियों के मन में स्वाधीनता के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित किया जाना है। आजादी के अमृत महोत्सव के प्रत्येक कार्यक्रम में जनपद स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, बलिदानियों एवं स्वाधीनता के बाद युद्धों में शहीद हुए सैनिकों तथा पुलिसकर्मियों के परिवारीजन को आमंत्रित कर विकासखण्ड, तहसील व जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाये। इन्हें मंच पर सम्मानपूर्वक बिठाकर अंगवस्त्र व सम्मान प्रतीक दिए जायें।

कार्यवाही—समस्त विभाग / समस्त जिलाधिकारी

अन्त में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
संस्कृति अनुभाग

संख्या: [illegible] /चार-2022
लखनऊ दिनांक [illegible] जुलाई, 2022

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1 अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
2 स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3 समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

(आनन्द कुमार)
विशेष सचिव